राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 09 जुलाई। भाजपा की केन्द्र सरकार के शासन में पूरे देश में भय का महौल बना हुआ है तथा आमजन सुरक्षा को लेकर आशांकित एवं भयभीत है। उदयपुर की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में शामिल आतंकवादी के भाजपा एवं भाजपा नेताओं से सम्बद्धता की जानकारी सामने आई है। इसी प्रकार जम्मू में पकड़ा गया आतंकी भाजपा का पदाधिकारी निकला है। इन घटनाओं की जॉंच एनआईए को करनी चाहिए तथा 05 जुलाई, 2022 को महानिदेशक, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण श्री दिनकर गुप्ता को जो पत्र लिखकर भाजपा नेताओं एवं आतंकवादियों के संबंधों की वृहद जॉंच करने हेतु मॉंग की है, का संज्ञान लेकर एनआईए को देश के समक्ष सच्चाई लानी चाहिये। उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये।

श्री डोटासरा ने कहा कि भाजपा के नेता संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग विपक्ष के नेताओं को प्रताड़ित करने के लिये कर रहे हैं, पूरे देश में शंका का माहौल है। उन्होंने कहा कि भाजपा की केन्द्र सरकार लोकतंत्र को मजबूत करने की बजाए कमजोर करने के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा एवं हाल ही में पकड़े गये आतंकवादियों के आपसी गठजोड़ को लेकर एनआईए को निष्पक्षता से जॉंच कर वास्तविक तथ्य जनता के समक्ष रखने चाहिए।

सांसद एवं दिल्ली कांग्रेस प्रभारी श्री शक्तिसिंह गोहिल द्वारा जारी प्रेस वक्तव्य संलग्न है।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter